भावना के निर्धन जन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत,दिनाँक-26-02-2023 को सम्पन्न,एकादशम् शीतकालीन सहायता शिविर की संक्षिप्त रिपोर्ट।

****

भावना के ग्राम्यांचल एवम् निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ द्वारा,दिनाँक 26-02-2023 को जनपद लखनऊ,विकास खण्ड बख्शी का तालाब के चन्द्रिका देवी मन्दिर परिसर में,एकादशम् शीतकालीन सहायता शिविर सम्पन्न हुआ जिसमें ग्राम कठवारा,चन्दन कुण्ड,व मल्लाहन खेरवा के ग्रामवासियों ने भाग लिया।

शिविर का आरम्भ माँ चन्द्रिका देवी के दर्शन पूजन से हुआ।तत्पश्चात् मन्दिर परिसर में सभी सदस्यों और ग्रामवासियों की सभा आयोजित हुई जिसकी व्यवस्था श्री शुभ करन सिंह चौहान द्वारा की गई।

सभा को भावना के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सुशील शंकर सक्सेना ने सम्बोधित करते हुए भावना के कार्यकलापों की जानकारी दी और बताया कि भावना बुजुर्गों के हितों के लिये कार्य करने वाली संस्था है तथा इसी के क्रम में सभी सदस्यों के आपसी सहयोग से प्राप्त धन एवम् गैर सदस्यों द्वारा स्वेच्छा से दिये गये दान से प्राप्त धन एकत्रित करके ग्रामों के निर्धन एवम् असहाय जनों को शीतकाल में कम्बल वितरण करते हैं।उन्होंने ग्रामवासियों की हितोपयोगी सरकारी योजनाओं की भी संक्षिप्त जानकारी दी।

शिविर में इन ग्रामों के चयनित महिला पात्रों को,शीतकाल में ठण्ड से बचाव हेतु,44 अदद नये ऊनी कार्डिगन तथा पुरुष पात्रों को 5 अदद नये ऊनी कम्बल वितरित किये गये।भावना के सदस्यों द्वारा पुराने उपयोगी वस्त्रों का भी वितरण कराया गया।

इस आयोजन में भावना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ला,सदस्य श्रीमती दया शुक्ला,वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सुशील शंकर सक्सेना,सदस्य श्रीमती मंजुला सक्सेना,प्रकोष्ठ के संयोजक श्री प्रभात किरण चौरसिया,सदस्य श्रीमती सुधा चौरसिया,महासचिव (कार्यान्वयन) श्री जग मोहन लाल जायसवाल,सदस्य श्रीमती मिथिलेश जायसवाल,उपाध्यक्ष प्रथम् श्री तुंगनाथ कनौजिया,उपाध्यक्ष द्वितीय श्री राम लाल गुप्ता,सदस्य श्रीमती कीर्तिलता गुप्ता,प्रमुख महासचिव श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह,सदस्य श्रीमती प्रभा सिंह,सदस्य श्री जगमोहन लाल वैश्य, श्रीमती सुबोध वैश्य,श्री दीनबंधु यादव,श्रीमती गुलाब देवी यादव, श्री ओम प्रकाश शर्मा,श्रीमती वीना शर्मा,श्री आदित्य प्रकाश सिंह,श्री विनोद कुमार कपूर,श्री आनन्देश्वर शंकर प्रसाद,श्रीमती संतोषबाला,श्री मोहन लाल अग्रवाल,श्रीमती अनीता अग्रवाल,श्री मुकेश सरन,श्रीमती मिनीअग्रवाल,श्री राकेश चन्द्र अग्रवाल,श्रीमती नीना अग्रवाल,श्री तिलक कुमार मनोचा,श्रीमती किरन मनोचा,श्रीमती चाँद गुलाटी,श्री शुभ करन सिंह चौहान आदि अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

अन्त में सभी सदस्यों द्वारा आपस में अभिवादन एवम् शुभकामनाओं के आदान प्रदान

के पश्चात् सभा सम्पन्न हुई।

प्रभात किरण चौरसिया

सचिव एवं संयोजक ग्राम्यांचल एवं निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ,

भावना